भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 882
सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पारसनाथ में पर्यटन को बढ़ावा देना

882. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा झारखंड के गिरीडीह जिले में स्थित पारसनाथ में पर्यटन में सुधार करने तथा विकसित करने और बढ़ावा देने हेतु जन प्रतिनिधियों से कोई सुझाव/अभ्यवेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार झारखंड के गिरीडीह जिले में स्थित पारसनाथ में पर्यटन के विकास एवं संवर्धन हेतु झारखंड को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रशाद योजना के अन्तर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का निर्माण करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध पर पारसनाथ, गिरीडीह को प्रशाद योजना में शामिल कर लिया गया है।

****